PTCUL

# पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
CIN:- U40101UR2004SGC028675
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
E-mail:- hr@ptcul.org
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाइट www.ptcul.org

पत्रांकः1753/मा0सं0एवंप्र0अनु0/पिटकुल/ दिनांकः 17.11.2025

## कार्यालय ज्ञाप

पिटकुल में उत्तम कार्य संस्कृति एवं टीम भावना के विकास के अभिप्रेरण तथा कार्मिकों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करने की संस्कृति एवं उत्साहवर्धन के दृष्टिगत प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा पहल करते हुये पिटकुल के सभी कार्यालयों/उपकेन्द्रों मे "समस्या–सुझाव एवं समाधान पेटिका" की स्थापना की गयी है।

उक्त के अनुक्रम में पिटकुल के मुख्यालय "विद्युत भवन" नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रॉसिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून में स्थापित "समस्या–सुझाव एवं समाधान पेटिका" को माह–नवम्बर में खोला गया, जिसमें निम्नवत् समस्या एवं सुझाव प्राप्त हुआः–

**समस्याः–**

"उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) के माध्यम से पिटकुल में कार्यरत कार्मिकों की सामाजिक सुरक्षा अभी तक नहीं की गयी है। जिससे कि उपनल कार्मिकों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक रूप से हानि होने की सम्भावना बनी हुयी है।"

**समाधानः–**

"उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) तथा पी0एन0बी0 के बीच अनुबन्ध पत्रांक 3015/लेखा/ 2024–2025/ 111 दिनांक 19.09.2024 के द्वारा निहित शर्तों के अनुसार पिटकुल में भी लागू कर दिया जाय।

यू0पी0सी0एल0 में पत्रांक 4119/अधि0निदे0(मा0सं0)/उपाकालि0 (S-IV)/संविदा दिनांक 03.09.2025 के द्वारा उपनल तथा पी0एन0बी0 के बीच अनुबन्ध लागू कर दिया गया है।"

**पिटकुल द्वारा कृत कार्यवाहीः–**

इस सम्बन्ध में उपनल के माध्यम से पिटकुल में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों की समाजिक सुरक्षा के दृष्टिगत एतद्द्वारा कारपोरेशन के पत्र संख्या 1616/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/जी–4 दिनांक 29.10.2025 के साथ प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पूर्व सेनिक कल्याण निगम लि0 (उपनल) के पत्र संख्या 3015/लेखा/2024–2025/215 दिनांक 05.12.2024 की छायाप्रति **पिटकुल के समस्त आहरण–वितरण अधिकारियों को प्रेषित करते हुये निर्देशित किया गया है कि "अपने कार्यालयान्तर्गत उपनल के माध्यम से कार्यरत संविदा कार्मिकों के मध्य उक्त पत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुये पँजाब नैशनल बैंक के सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करते हुये उपनल से नियोजित कार्मिकों के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।"**

उपरोक्तानुसार नाम एवं पता रहित प्राप्त समस्या का निस्तारण किया जाता है।

**प्रबन्ध निदेशक**

पत्रांकः1753/मा0सं0एवंप्र0अनु0/पिटकुल/ ईडब्लू–4 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक, महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन)/(वित्त)/(परियोजना), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक, पिटकुल,.............................।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल,....................।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता/समस्त आहरण–वितरण अधिकारी, पिटकुल............।
6. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल देहरादून को इस आशय के साथ कि उक्त पत्र को पिटकुल की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. नोटिस बोर्ड।

(अशोक कुमार जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0)